प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, क्योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और
खबरों एवं ई पेपर के
लिये लॉग इन करें
https://
dainikyashonnati.
com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 04 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 28 अगस्त 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

ढाबों पर आबकारी विभाग की दबिश

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के ढाबों में शराब बेचे जाने तथा बेठालकर शराब पिलाने की शिकायतें आबकारी विभाग को मिल रही थी। जिसके बाद रात्रि में कई ढाबों में दबिश दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिवनी के नेशनल हाइवे के किनारे संचालित ढाबों में शराब पिलाने की शिकायत मिलने के बाद आबकारी विभाग की टीम ने देर रात ढाबों पर धावा बोला। और देखा कि कई जगह लोग ढाबों में बेठकर शराब पी रहे थे। टीम को देखकर वे भाग गए। जिला आबकारी अधिकारी शैलेष जैन बताया कि वृत दक्षिण के स्टॉफ ने नेशनल हाईवे के किनारे ढाबों में कार्रवाई की। खालसा ढाबा, अमन ढाबा,सोनी ढाबा ,उमाशंकर ढाबा,राहुल ढाबा, इलाहाबाद ढाबा ,प्रयागराज ढाबा की तलाशी ली गई। प्रयागराज ढाबा के संचालक के द्वारा ग्राहकों को अवैध रूप से शराब पिलाने का काम करा रहा था। ढाबा संचालक के खिलाफ मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 36 का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी पवन झारिया ,उप निरीक्षक नवोदिता पारा,आरक्षक आनंद मरावी, किशोर कुमार गुप्ता और सेवकराम भलावी शामिल रहे।

लाड़ली बहना को अब मिलेंगे 1250 रूपये, रसोई गैस मिलेगी 450 रूपये में

राखी पर्व पर बहनों को मिला 250 रूपये का विशेष उपहार
मुख्यमंत्री ने रक्षा बंधन पर दिया लाड़ली बहनों को उपहार
पुलिस सहित अन्य भर्तियों में 35 प्रतिशत बहनों को मिलेंगी नियुक्तियाँ
भोपाल के जम्बूरी मैदान में हुआ विशाल लाड़ली बहना सम्मेलन

सिवनी यशोः- चुनावी साल में प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री लगातार लोकलुभावनी घोषणाएँ कर रहे है रविवार को भोपाल के जंबूरी मैदान से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रक्षाबंधन पर बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 312.64 करोड़ रुपए की राशि अंतरित कर उन्हें विशेष उपहार देने के साथ सावन माह में रसोई गैस 450 रूपये में देने की घोषणा कर दी यहाँ बता दें कि प्रदेश कांग्रेस के मुखिया कमलनाथ सरकार बनने पर 500 रूपये सिलेंडर देने का वायदा कर रहे है जिसकी पूरे प्रदेश में व्यापक चर्चा है कांग्रेस की इस घोषणा को बेअसर करने के लिये प्रदेश के मुख्यमंत्री ने गैस सिलेंडर 450 में देने का एलान कर दिया। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण और महिलाओं में लोकपियता बढाने के लिये मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उनके हितो से संबंधित अनेक घोषणाएँ की।

रसोई गैस 450 रूपये में

अक्टूबर से बहनों को मिलेंगे 1250 रूपये प्रतिमाह

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों को प्रतिमाह दी जा रही राशि एक हजार रूपए के स्थान पर अब अक्टूबर माह से 1250 रूपये की राशि दी जाएगी। राखी पर्व पर आज प्रत्येक बहन को उपहार के रुप में 250 रूपये दिए जा रहे हैं। बहनों के खाते में दस सितंबर को योजना के एक हजार रुपए डाले जाएंगे। इसके पश्चात अक्टूबर माह से 1250 रुपए की राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज यहाँ रक्षाबंधन के अवसर पर जंबूरी मैदान भोपाल में विशाल लाड़ली बहना सम्मेलन में महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं।

बहनों के जीवन को बदलने का संकल्प बना योजनाओं का आधार

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज प्रदेश में नारी शक्ति की आवाज गूंज रही है। आज यहां भाई बहन के पवित्र रिश्ते को प्रणाम करने आया हूँ। बहनों के बिना दुनिया आगे नहीं बढ़ सकती। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में पैतृक ग्राम में ही बहनों के साथ भेदभाव के प्रसंग देखे। समाज में बेटों की संख्या ज्यादा होने लगी थी। महिलाओं के जीवन को सम्मानजनक बनाने के लिए तभी संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री बनने के पहले विधायक और सांसद के रूप में भी अभावग्रस्त परिवारों की बेटियों के विवाह करवाने का कार्य किया। बहनों के जीवन को संवारने के संकल्प को बाद में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रकट किया है। यह संकल्प महिला कल्याण योजनाओं का आधार बना। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा?कि वे बेटियों और बहनों की आंखों में आंसू नहीं देख सकते। बहनों की जिंदगी बदलना जीवन का संकल्प है।

पुलिस सहित अन्य भर्तियों में 30 के स्थान पर 35 प्रतिशत आरक्षण देंगे, अन्य क्षेत्रों में भी मिलेंगी सुविधाएं

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पुलिस सहित अन्य भर्तियों में 35 प्रतिशत बहनों को नियुक्तियां दी जायेगी। शिक्षकों के पदों पर 50 प्रतिशत बहनें नियुक्त होंगी। स्थानीय निकायों में एल्डरमैन और अन्य पदों पर महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। बहनों और बेटियों को बेहतर शिक्षा का प्रावधान करते हुए बहनों की शिक्षण फीस शासन द्वारा दी जायेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बहनों का सम्मान सर्वोपरि है। यदि बहनें नहीं चाहेंगी तो किसी क्षेत्र में मदिरा की दुकान नहीं खुलेगी। इसके लिए आबकारी नीति में परिवर्तन किए जाएगे।

बहनों की आय प्रतिमाह 10,000 तक करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहनाएं आजीविका मिशन के अंतर्गत आ जाएंगी तो उन्हें सभी आवश्यक लाभ मिलेंगे। पथ विक्रेता योजना के अंतर्गत लाभ मिलेगा। छोटे मोटे उद्योग के लिए इंडस्ट्रियल स्टेट में भूखंड मिलेगा। प्रदेश में बहनों के नाम स्टाम्प शुल्क अब एक प्रतिशत कर दिया गया है। लक्ष्य यह है कि बहनों की मासिक आमदनी कम से कम 10 हजार रुपए हो जाए।

अन्य महत्वपूर्ण घोषणाएं

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बहनों को 450 रूपये में रसोई गैस मिलेगी। बाद में स्थायी व्यवस्था की जाएगी ताकि बहनें परेशान न हों। उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी उज्जवला गैस योजना लागू करने के लिए अभिनंदन के पात्र हैं। श्री चौहान ने कहा कि गाँवों में निःशुल्क भूखंड और शहरों में अतिक्रमण से मुक्त जमीन पर भूखंड बहनों को दिये जाएंगे। मुख्यमंत्री आवास योजना में भी लाभ दिया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सितंबर तक बढ़े हुए बिजली बिल की वसूली नहीं होगी। सिर्फ सौ रूपए तक बिल आएगा। मजरों-टोलों में जिनके घर बिजली नहीं है, वहां बीस घर की बस्ती में भी बिजली दी जाएगी। बिजली देने के लिए 900 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

विधायक दिनेश राय मुनमुन की कलाई मे लाड़ली बहनों ने आत्मीयता से बांधी राखी

भव्य कांवड़ यात्रा का पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया

सिवनी यशोः- रविवार दिनांक 27 अगस्त को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन की कलाई मे लाड़ली बहनों द्वारा आत्मीयता से राखी बांधी गयी।सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम व ग्राम पंचायत कंडीपार के पंचायत भवन मे आयोजित लाडली बहना योजना के कार्यक्रम मे विधायक श्री राय ने मुख्य अतिथि के रुप मे शिर्कत किया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर श्री राय ने कन्याओं का पूजन कर मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। तदुपरांत विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा श्री राय सहित सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत बेला उपरांत कार्यक्रम मे उपस्थित लाडली बहनों द्वारा विधायक दिनेश राय मुनमुन की

कलाई पर आत्मीयता से राखी बांधकर गीतों का गायन किया। इस अवसर पर विधायक श्री राय ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना बहनों का जीवन स्तर सुधारने मे कारगर है। यह योजना बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और स्वाभिमान बढ़ाने शिवराज जी की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना से गरीब बहनों को 1000 रुपये प्रतिमाह देकर शिवराज जी ने साबित कर दिया कि वह हकीकत मे मध्यप्रदेश की लाडली बहनों के सच्चे भाई है। विधायक श्री राय ने कहा कि अब बहनों को अपनी परेशानियों को दूर करने में दुख के समय किसी का इंतजार नही करना पड़ेगा तथा वह अपनी जरूरतों को पूरा कर सकेंगी। आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज रक्षाबंधन के उपलक्ष्य मे प्रदेश की 1 करोड़ बहनों से संवाद कर रहे है। साथ ही लाडली बहनों को उपहार भी देंगे। निश्चित ही बहनें सशक्त होगी। इस दौरान यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बहनों से संवाद कार्यक्रम के प्रसारण को उपस्थितों द्वारा देखा व सुना गया। इस अवसर पर सर्वश्री श्रीमती किरण भलावी अध्यक्ष जनपद पंचायत सिवनी, अजय पांडे अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पीजी कॉलेज, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री पचौरी, लाडली बहनें व विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम के पूर्व मे विधायक श्री राय ने छिंदवाड़ा रोड फ़िल्टर चौक में बघेल समाज युवा क्रान्ति

समिति द्वारा लखनवाड़ा से प्रसिद्ध मठ मंदिर सिवनी तक निकाली गई भव्य विशाल कांवड़ यात्रा का पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस गरिमामय अवसर पर श्रीमती नीता पटेरिया पूर्व सांसद, संतोष अग्रवाल वरिष्ठ जिला भाजपा उपाध्यक्ष, नितेन्द्र गुड्डु बघेल, मुनिया टांक संयोजक अटल विचार मंच, माधव बघेल, श्रीमती निर्मला ठाकुर, रानी बघेल, बिंदु बघेल, देवेन्द्र बघेल उपसरपंच लखनवाड़ा, राहुल बघेल फिल्टर चौक सिवनी, मनीष बघेल, राजा पराते पूर्व पार्षद, इंजी. प्रवेश राय हर्ष, गोपाल पवमे, रमाकांत बघेल, मंगलू यादव, गोविंदा विजय नामदेव, नितेश सनोडिया, रानू बघेल, सीताराम बघेल, अमित बघेल, आकाश बघेल, प्रदीप बघेल, लड़ाकू बघेल केवलारी सहित बडी संख्या माताओं, बहनों, गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

लाडली बहना कार्यक्रम का सीधा प्रसरण एवं पट्टा वितरण कार्यक्रम संपन्न

सिवनी यशोः-शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) अधिनियम 1984 के तहत नगर परिषद बरघाट अन्तर्गत शासकीय भू-खण्डों में निवासरत नागरिकों को पट्टा प्रदाय किए जाने एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लाडली बहना योजना उद्बोधन कार्यक्रम सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन के मुख्य आतिथ्य में दिनांक 27 अगस्त को कार्यालय नगर परिषद कार्यालय में किया गया। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत भूमिहीन नागरिकों को पट्टा प्रदाय किए जाने के प्राप्त निर्देशानुसार निकाय क्षेत्रान्तर्गत कुल 145 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से राजस्व दल के द्वारा सर्वे किया जाकर कुल 102 हितग्राहियों को पात्र किया गया है। उक्त समस्त पात्र हितग्राहियों को सांसद श्री बिसेन श्रीमती इमरता साहू अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति नगर परिषद बरघाट एवं समस्त

जनप्रतिनिधि के द्वारा पट्टा वितरण किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री जी के लाडली बहना योजना अन्तर्गत संबोधन कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखने हेतु लाडली बहने उपस्थित रही। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन जी, नगर परिषद बरघाट अध्यक्ष श्रीमती इमरता साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती ममता अनिल पाठक, राजस्व सभापति ज्ञानसिंह चौधरी, सभापति अभिलाष (गोलू मालवी), सभापति हेमंत राहंगडाले, सभापति असंत उइके, पार्षद जितेन्द्र (पप्पू) सिंगारे, पार्षद श्रीमती निधि ऋषभ जायसवाल, श्रीमती संध्या अनिल सिंह ठाकुर, पूर्व पार्षद रामसिंह कंगाली, सांसद प्रतिनिधि अनिल पाठक, भाज.मं.अध्यक्ष विवेक बिसेन, राम पटले, विनोद रजक, रूपसिंह राहंगडाले, सत्यांश भटट्,राजेन्द्र सिंह ठाकुर,राकेश तेकाम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वेदप्रकाश पुरी गोस्वमी, राजस्व प्रभारी श्रीकृष्ण टेम्भरे, नंदकिशोर मसराम सहित गणमान्य नागरिक एवं निकाय का सम्पूर्ण अमला उपस्थित रहा।

छपारा नगर परिषद के वार्डो में कचरे का लग रहा अम्बार, कार्यालय के सामने कचरा

छपारा यशोः- सिवनी जिले के छपारा नगर परिषद में कुछ दिनों से कचड़ा वाहन क्षेत्र में नही पहुंच पा रहा।है। क्योंकि कचड़ा डंप करने वाले स्थान पर ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज कराई थी। और कचड़ा वाहनों को वापस लौटा दिया था। जिससे कचरा वाहनों के पहिए एक कई से थम गए हैं। और परिषद क्षेत्र के सभी वार्डवासी परेशान है। स्थानीय लोगो ने बताया कि नागरिकों को समझ नहीं आ रहा है कि घरों से निकलने वाले कचरा कहां फेंका जाए। नगर के शंकर मढिया चौराहा के समीप स्थित नगर परिषद मैदान में सभी वाहन कचरा से भरे खड़े हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक सप्ताह से नगर में कचरा एकत्र करने लगाई जाने वाली फेरी वाहनों ने बंद दी है। नगर परिषद द्वारा कचरा प्रबंधन करने शहर से तीन किलोमीटर दूर जूनापानी बंजर पर डंपिंग यार्ड के लिए भूमि अधिग्रहण कर परिषद द्वारा कचरा प्रबंधन इकाई का निर्माण कराया जा चुका है। इसे लेकर नगर से प्रतिदिन निकलने वाला कचरा परिषद के वाहनों द्वारा डंप किया जाता था। परंतु स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आपत्ति दर्ज कराते हुए कचरा डंपिंग का विरोध किया गया। जिसके कारण परिषद ने कचरा वाहनों को वहां कचरा लेकर भेजना बंद कर दिया। नगर से लगभग 5 किलोमीटर दूर भीमगढ़ मार्ग के समीप सुनसान क्षेत्र में कचरा डंप करने का कार्य किया जा रहा था। यहां भी गोरखपुर गांव के ग्रामीणों ने नगर परिषद के वाहनों द्वारा कचरा डंप करने का विरोध किया था। इसके बाद लगभग एक सप्ताह से नगर में प्रतिदिन निकलने वाले कचरा वाहनों के पहिए थमे हुए हैं। वहीं दो ट्राली व चार कचरा टिप्पर वाहन परिषद कार्यालय मैदान में खड़े हुए हैं। जिससे कचरे की दुर्गंध आसपास के वातावरण को दूषित कर रही है। वहीं शहर में दैनिक कचरा वाहन नहीं निकलने से घर, दुकान व वार्डों पर लगाए गए डस्टबिन कचरा अट गए हैं। इसको लेकर जल्द से जल्द नगर से निकलने वाले कचरा के प्रबंधन की समस्या को हल करने की मांग सभी वार्डवासियों ने की है। रहवासियों का कहना है कि कुछ ही दिनों में त्यौहार प्रारंभ होने वाले है। ऐसे में कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए।

जबरन नॉलेज

बो डाल डाल ये पात
पात काका
हा हा हा ....

केन्द्रीय योजना के अनुसार प्रवासी विधायक के कार्यक्रम संगठन को मजबूती देंगे - आलोक

सिवनी यशोः- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने पिछले 9 वर्षों में विभिन्न

जन कल्याण कारी योजना चलाकर गांव गरीब और किसान को समृद्ध बनाया हे। तो वही मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा की प्रदेश सरकार ने प्रदेश को बिमारु राज्य से निकाल कर समृद्ध प्रदेश में लाकर खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री चौहान ने लाडली बहना शुरू कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया। सीखो कमाओ योजना चालू कर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया।किसान सम्मान निधि हो या संबल योजना, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना सहित ऐसी तमाम योजना हैं जिससे प्रदेश का हर नागरिक इन सभी योजनाओं का लाभ ले रहा हैं।

उक्ताशय की बात भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे द्वारा आज भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान पत्राकार बंधुओ के बीच कही गई। उन्होंने बताया कि सिवनी विधानसभा में पत्रकार वार्ता हमारे प्रवासी विधायक प्रताप अडसढ को लेनी थी किंतु आज अचानक उनके पिता श्री की तबीयत खराब होने के कारण उन्हें तत्काल वापस अपने गृह ग्राम वापस लौटना पड़ा जिस वजह से आज वे इस पत्रकार वार्ता में उपस्थित नहीं हो सके इसका मुझे खेद है।

श्री दुबे ने कहा कि, केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर मध्यप्रदेश में विभिन्न राज्यों से आए 230 प्रवासी विधायक जिले की प्रत्येक विधानसभा में प्रवास कार्यक्रम कर संगठन विस्तार का काम कर रहे है। इसी के अंर्तगत सिवनी विधानसभा में विधायक प्रवास कार्यक्रम के तहत विधायक श्री अडसढ 20 अगस्त से लेकर 27 अगस्त तक सिवनी विधानसभा के सभी मंडलों में प्रवास कर संगठन के कार्यो को समझा और संगठन विस्तार के कार्यकर्ताओं को गुरु बताए । सात दिवसीय प्रवास के दौरान मंडल बैठक, जन प्रतिनिधियों एवं बूथ की टोली से चर्चा, पौधारोपण, दीवार लेखन आदि विभिन्न कार्यक्रम की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने समाज के हर वर्ग, हर तबके और हर क्षेत्र से जुड़े लोगों से भी मिलकर चर्चा की तथा उनके विचार जाने।

श्री दुबे ने बताया कि, प्रवासी विधायक द्वारा क्षेत्र के किसानों से भी बैठक लेकर उन्हे सरकार की योजनाओं के बारे मे विस्तार से बताया। उन्होंने व्यापारी वर्ग से मिलकर भी चर्चा की। इसके साथ ही भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से भी मिले तथा संगठन की संरचना पूर्ण रूप से तैयार है कि नहीं इसकी भी जानकारी ली। साथ ही हितग्राहियों से भी संपर्क किया।

पत्रकार वार्ता में उपस्थित रहे पूर्व विधायक श्री नरेश दिवाकर द्वारा कहा गया कि ,जितने विकास कार्य शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा सरकार में हुए है उनकी तुलना नहीं की जा सकती है। 20 वर्ष की भाजपा सरकार में प्रदेश आज अन्य प्रदेशों से विकास में आगे निकल गया है। हमारा संगठन बहुत मजबूत है। भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम के बल पर जिले की सभी विधानसभाओं मे भाजपा एतिहासिक मतों से विजय होगी। हमारी केंद्र और प्रदेश सरकार बिना भेद भाव के प्रदेश को विकास की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, पूर्व सिवनी विधायक नरेश दिवाकर, पूर्व जिला अध्यक्ष सुजीत जैन, प्रेम तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी, जिला उाध्यक्ष दीपक नगपुरे, लालू राय एवं नगर अध्यक्ष द्वय अभिषेक दुबे एवं संजय सोनी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

एमपी में आदिवासियों से पुलिसवालों ने लूटे सोने के सिक्के, थानेदार समेत चार गिरफ्तार

एमपी के अलीराजपुर में एक आदिवासी परिवार के घर से पुलिसवालों ने कथित रूप से 240 सोने के सिक्के लूट लिए। इसके बाद पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया था। अभी तक सोने के सिक्के बरामद नहीं हुए हैं और चार पुलिसकर्मियों के गिरफ्तार किया है।

अलीराजपुर। मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में शनिवार को चार पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें एक इंस्पेक्टर भी शामिल है। उन पर कथित तौर पर आरोप है कि आदिवासियों से सोने के सिक्के लूटे थे। आदिवासियों को ये सोने के सिक्के गुजरात में एक निर्माण स्थल पर खुदाई के दौरान मिले थे। आदिवासियों का दावा था कि 240 ब्रिटिश-युग के सोने के सिक्के मिले थे। उनलोगों ने आरोप लगाया था कि ये सिक्के पुलिसवालों ने चुरा लिए।

खजाना अभी भी गायब है और खोजकर्ताओं के पास केवल एक सिक्का बचा है। अगर चार पुलिसकर्मियों ने वास्तव में सोने के सिक्के की चोरी की है तो वे इसके बारे में बात नहीं कर रहे हैं। गायब हुए सोने के सिक्कों की कीमत करोड़ों में है। आशंका है कि इन लोगों ने कहीं इसे छुपा तो नहीं दिया है। वहीं, बचे हुए सिक्के को इंदौर के पुरातत्व विभाग को भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि दो मजदूरों, रामकु भायद्या और उनकी बहू बाजारि को खुदाई के दौरान गुजरात में सोने के सिक्के मिले थे। खुदाई में जो सोने सिक्के के मिले, उसे इनलोनों ने अपना पास रखा और सोंडवा गांव लौट आए। उनका गांव गुजरात की सीमा से सटा हुआ है।

पुलिस ने कहा कि इन लोगों ने 20 सोने के सिक्के निकाले और बाकी को घर में दबा दिया। किसी तरह से गांव के लोगों को सोने के सिक्कों के बारे में पता चल गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चार पुलिसकर्मी, सादे कपड़ों में, 19 जुलाई को रामकु के घर में घुस गए, सोने को खोद निकाला और ले गए। उनका आरोप है कि पुलिस ने 239 सिक्के ले लिए, हमने केवल एक को बचाया।

अगले दिन, रामकु ने शिकायत दर्ज कराई। वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी हुई। सभी चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। वहीं, अब उन्हें गिरफ्तार किया है।

समरसता के संकल्प के साथ सम्पन्न हुई स्नेह यात्रा

मुख्यमंत्री ने संतों का आभार जताकर यात्रा को महा-अभियान की शुरूआत बताया

स्नेह यात्रा का समापन

भोपाल। प्रदेश के सभी जिलों में 16 अगस्त से देश के प्रतिष्ठित पूज्य संतों के नेतृत्व में शुरू हुई स्नेह यात्रा का 11 दिवस बाद शनिवार 26 अगस्त को अभूतपूर्व समापन हुआ। सभी जिलों की बस्तियों में भव्य और दिव्य समारोह में आमजन ने मुक्त कंठ से यात्रा की प्रशंसा करते हुए प्रदेश शासन का आभार जताया। संतों ने कहा यात्रा में वंचित वर्गों से मिला स्नेह यादगार रहा। संत और समाज का यह मिलन सकारात्मक सार्थक समाजिक परिवर्तन की प्रेरणा बनेगा। संतों ने कहा यह विराम है अंत नहीं। सामाजिक बदलाव का यह अभियान सतत जारी रहेगा। ज्ञातव्य हो कि 11 दिवसीय स्नेह यात्रा का आयोजन सभी वर्गों में भेदभाव समाप्त कर पूज्य संतों के नेतृत्व में समरसता का भाव विकसित करने के लक्ष्य से किया गया था। यात्रा को मिलने वाला जन-समर्थन और आमजन की सहभागिता अभूतपूर्व थी।

स्नेह यात्रा का भव्य और दिव्य समापन

जिस प्रकार स्नेह यात्रा अपने संचालन दिवसों में यादगार रही उसी प्रकार समापन समारोह भी भव्य और दिव्य रहे। समापन समारोह में यात्रा में प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सहयोग देने वाले लोगों को राज्य स्तरीय प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। पूज्य संतों के प्रति भी आभार व्यक्त करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृतज्ञता पत्र प्रेषित किया है। समापन समारोह में सभी वर्गों के कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। स्थानीय संगीत मंडलियों द्वारा प्रेरणा गीतों की प्रस्तुति की गई। समापन समारोह का मुख्य आकर्षण सभी की सहभागिता से एकत्रित अन्न से बने सहभोज और सामूहिक संकीर्तन रहें, जिसमें आयोजक ग्राम के साथ आसपास के ग्रामीण जनों ने भी सहभागिता की।

सभी 53 जिलों में 72 प्रतिष्ठित संतों ने किया यात्रा का नेतृत्व

स्नेह यात्रा का मूल उद्देश्य समाज में समरसता और सद्भावना का विकास करना था। 53 जिलों के चिंहित सेवा बस्तियों में एक पूज्य संत के नेतृत्व में यात्रा पहुँचती थी। संतों का पारंपरिक स्वागत बस्ती के लोगों द्वारा किया जाता था। संत घर-घर जाते और लोगों से मिलते थे। मेल-मुलाकात के बाद आखिर में बस्ती में सब एक स्थान पर एकत्रित हो जाते, मंगलाचरण के साथ रक्षा-सूत्र बंधन, संक्षिप्त उद्बोधन के बाद प्रसाद वितरण होता था। यह सिलसिला चार-पाँच गाँव में चलता था। दोपहर भोज के समय सामूहिक संकीर्तन और सहभोज होता था। इसमें पूज्य संत भारतीय संस्कृति में निहित समतामूलक समाज की भावना को समरसता के मूल विचार के रूप में ऐतिहासिक सांस्कृतिक उदाहरणों से प्रस्तुत करते थे।

स्नेह यात्रा के नवाचार

स्नेह यात्रा आडंबर और शोर-शराबे से दूर वर्गों में सद्भावना और समरसता जगाने का एक ईमानदार और गंभीर प्रयास था, यही कारण है कि इस यात्रा को जन-समुदाय की स्व-स्फूर्त सहभागिता मिली। यात्रा प्लास्टिक के प्रयोग से दूर रही। टेंट हाउस के पंडाल, कालीनों से दूर, चौपाल पर संवाद आयोजित हुए। पत्तों के बंधनवार और तोरण लगाए गए। सहभोज में कुल्हड़ और देशी दोना-पत्तल का उपयोग हुआ। सबने मिलकर अन्न संग्रह किया, मिलकर बनाया और साथ-साथ संत सानिध्य में प्रसाद ग्रहण किया। संत जनों ने वंचित वर्गों को स्वयं परोसकर खिलाया। संत जन बस्ती में घर-घर गए। उन्हें धार्मिक साहित्य, रूद्राक्ष और तुलसी माला भेंट की। घर में स्वल्पाहार ग्रहण किया। देव स्थलों पर दीप जलाया और सदियों की दूरियों को पल भर में पाट दिया। योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग और संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 16 अगस्त से शुरू हुई स्नेह यात्रा का संयोजन मध्यप्रदेश जन-अभियान परिषद के माध्यम से किया गया। यात्रा में अखिल विश्व गायत्री परिवार, रामचंद्र मिशन, योग-आयोग संस्थान, पतंजलि योगपीठ एवं आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास सहभागी संगठन रहें। इसके अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर कार्यरत धार्मिक और सांस्कृतिक संगठनों ने भी यात्रा में बढ़-चढ़कर योगदान दे यात्रा को पूर्णता प्रदान की।

इंदौर देश में बना आईकॉन- मुख्यमंत्री चौहान

स्मार्ट सिटी क्षेत्र में इंदौर के नंबर वन आने पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज इंदौर में एयरपोर्ट पर आयोजित कार्यक्रम में स्मार्ट सिटी के क्षेत्र में देश में इंदौर के नंबर वन आने पर शहरवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर शहर की जनता, जन-प्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों सहित अन्य संबंधितों की अथक मेहनत का ही परिणाम है कि इंदौर ने फिर देश में एक नया मुकाम हासिल किया है। इंदौर देश में आईकॉन बन गया है। इंदौर को शीघ्र ही मेट्रो ट्रेन वाली सिटी बनने का गौरव भी मिलेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। चंद्रमा पर भ्रमण कर रहा चंद्रयान भारत की यशोगाथा को पूरी दुनिया में पहुँचा रहा है। वहीं मध्यप्रदेश देश में नंबर वन प्रदेश बन गया है। कृषि विकास दर में हम नंबर वन हैं। गेहूँ के ऐ सपोर्ट में मध्यप्रदेश देश में नंबर वन है। स्वच्छता में नंबर वन हैं। जल-संरक्षण के क्षेत्र में भी नंबर वन है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर वायु की गुणवत्ता में भी नंबर वन है। स्वच्छतम शहर भी है। अब स्मार्ट सिटी में भी नंबर वन इंदौर बन गया है। उन्होंने कहा कि आप सबके प्रयत्नों से आज इंदौर आइकन बन गया है। जन-सहभागिता का मॉडल इंदौर है। इंदौर अब मेट्रो ट्रेन वाला शहर भी बनने वाला है। शीघ्र ही मेट्रो का ट्रायल रन भी होगा। इंदौर और मध्यप्रदेश अब एक नया मुकाम हासिल करेगा। अद्भुत है इंदौर की जनता, अद्भुत है इंदौर के जन-प्रतिनिधि। अब पूरा प्रदेश स्मार्ट हो गया है। भोपाल सहित अन्य नगरों ने भी स्मार्ट सिटी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक करोड़ 36 लाख परिवार गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। यह भी एक बड़ी उपलब्धि है। देश की अर्थ-व्यवस्था के साथ ही मध्यप्रदेश की अर्थ-व्यवस्था भी मजबूत हो रही है। मध्यप्रदेश की अर्थ-व्यवस्था का आकार 71 हजार करोड़ रुपए से बढ़कर 15 लाख करोड़ रुपए तक पहुँच गया है। देश की अर्थ-व्यवस्था में मध्यप्रदेश का योगदान 3.6 प्रतिशत से बढ़कर 4.8 प्रतिशत हो गया है।

इंदौर के स्मार्ट सिटी में नंबर वन बनने पर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में सांसद श्री वी.डी शर्मा, सांसद श्री शंकर लालवानी, इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री जयपाल सिंह चावड़ा, विधायक सर्वश्री रमेश मेंदोला, महेंद्र हार्डिया तथा श्रीमती मालिनी गौड़, पूर्व विधायक श्री सुदर्शन गुप्ता सहित अन्य जन-प्रतिनिधि मौजूद थे।

खुदाई में भगवान् विष्णु की प्रतिमा मिली



विदिशा-गंजबासौदा. भारत की भूमि का बड़ा भू-भाग चिर सनातन काल से मंदिरों को समर्पित रहा है, यहाँ अलग-अलग समर्पित मंदिर और प्रतिमाएं देखने को मिलती रही हैं. इनको नष्ट करने के लिए आक्रान्ताओं के अत्याचार के उदाहरण हमारे समक्ष हैं, जहाँ द्वेष के कारण लाखों मंदिरों व उनकी प्रतिमाएं को नष्ट की गयी हैं. देश भर से आये दिन खुदाई से प्रतिमाएं निकलने के समाचार आम हो चले हैं. इस कड़ी में मध्यप्रदेश के विदिशा जिले से हाल ही में कई समाचार प्राप्त हुए हैं, इनमें प्रतिमाएं निकलने की बातें समाने आई हैं. विदिशा जिले से विगत दिवस एक खुदाई के दौरान एक और प्रतिमा निकलने का समाचार आया है. इस बार यहाँ से विष्णु प्रतिमा निकली है.

विदिशा जिले अंतर्गत आने वाली तहसील गंजबासौद के पास स्थित ग्राम गजनई में खुदाई के बीच एक प्रतिमा मिली है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम के माता मंदिर के पास चबूतरे पर अज्ञात चोर खजाना प्राप्त करने की योजना से खुदाई कर रहे थे. सुबह के समय नागरिकों को यह खुदा मिला तो इस बात की सूचना उन्होंने पुलिस को दी. पुलिस मौके पर पहुँची, स्थल का निरिक्षण हुआ और उसकी मौजूदगी में वहां से मिट्टी हटाई तब वहां से यह प्रतिमा निकली. लोगों की मानें तो यह विष्णु प्रतिमा है जो कि खंडित है. प्रतिमा की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस प्रतिमा को अपने साथ ले गयी. उसने इसकी जानकारी पुरातत्व विभाग को दी है.

मध्यप्रदेश के जनजाति विद्यार्थियों ने संसद भवन का भ्रमण किया

भोपाल। जनजातीय कार्य विभाग के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भारत की संसद का दौरा किया। नए संसद भवन के मकर द्वार के बाहरी दृश्य के साथ-साथ लोकसभा, राज्यसभा और सेंट्रल हॉल की सीटों पर छात्र बैठे। संसद भवन के मार्गदर्शकों और अधिकारियों के एक समूह ने छात्रों और शिक्षकों को अन्य बातों के अलावा संसद के इतिहास, कार्यप्रणाली और वर्तमान सदस्य संरचना के बारे में जानकारी दी। संसद भवन की यह यात्रा विद्यार्थियों के जीवन का अहम हिस्सा बनेगी क्योंकि जनजाति के विद्यार्थियों, विशेष रूप से मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों की पहली यात्रा है। f

भोपाल में 19 हजार पटवारियों की तिरंगा यात्रा, सीएम हाउस से पहले पुलिस ने रास्ते में रोका

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश के भर के 19 हजार पटवारी राजधानी भोपाल में तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं. यह पटवारी हाथों में तिरंगा लेकर अटल पथ से सीएम हाउस के लिए आगे बढ़ रहे थे, लेकिन पुलिस ने इन्हें सीएम हाउस के पहले ही रोक दिया. मध्य प्रदेश पटवारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह बघेल के अनुसार शांतिपूर्ण ढंग से सुबह 11 बजे तिरंगा यात्रा की शुरुआत की गई थी.

यह तिरंगा यात्रा सीएम हाउस तक जाने थी, लेकिन पुलिस द्वारा यात्रा को बीच में ही रोक दिया है. प्रदेश अध्यक्ष बघेल ने बताया कि यदि पटवारी संघ की मांगें नहीं मानी गई तो 28 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी.

पटवारी संघ का चरणबद्ध आंदोलन

बता दें कि अपनी मांगों को लेकर पटवारियों द्वारा चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जा रहा है. आंदोलन की शुरुआत में 21 अगस्त को पटवारी सभी सरकारी ग्रुप से लेफ्ट हो गए थे और ऑनलाइन काम का बहिष्कार किया था. दूसरे चरण में 23 से 25 अगस्त तक 3 दिन सामूहिक अवकाश पर रहे. आंदोलन की इसी श्रृंखला में आज राजधानी भोपाल में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है. इस तिरंगा यात्रा में प्रदेश भर के 19 हजार पटवारी शामिल हुए हैं.

इन मांगों को लेकर प्रदर्शन

पटवारी संघ जिन मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहा है उनमें पटवारी को 1998 में निर्धारित किए गए वेतनमान के अनुसार ही वर्तमान 2023 में वेतन दिया जा रहा है, पिछले 25 साल में प्रदेश के पटवारियों के वेतनमान में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, जबकि पटवारियों से पूरे सेवाकाल में कार्य लेने वाले राजस्व विभाग एवं उसकी पद स्थापना वाले भू-अभिलेख विभाग के सभी पदोन्नत पदों (राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख) का वेतनमान में कई बार वृद्धि की गई. पटवारी वेतनमान पे ग्रेड 2800 के लिए वर्ष 2007 पटवारी महाधिवेशन सनावद में घोषणा की गांठ थी. राजस्व मंत्री ने 2800 पे-ग्रेड किए जाने का लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक इस पर अमल नहीं हो पाया है. इसके अलावा पटवारियों की जो मांग हैं उसमें पदोन्नति दी जाए, क्रम-आईआर, नायब तहसीलदार और तहसीलदार. गृह भाड़ा और यात्रा भत्ते संबंधी अन्य भत्ते बढ़ाए जाएं.

कमलनाथ का सीएम शिवराज से निवेदन

पटवारी के आंदोलन को लेकर पीसीसी चीफ कमलनाथ ने ट्वीट कर लिखा कि मध्यप्रदेश के पटवारी राजधानी भोपाल में बड़ी संख्या में एकत्र होकर अपनी मांगों को लेकर तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं. पटवारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर अलग-अलग तरह से प्रदर्शन करते रहे हैं और अब 28 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दे रहे हैं. मैं मुख्यमंत्री से निवेदन करता हूं कि वह पटवारियों की मांग ध्यान से सुने और उनके साथ न्याय करें.

पिछड़ा वर्ग के 200 युवाओं को दिया जायेगा रोजगार का प्रशिक्षण

भोपाल। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने प्रदेश के युवाओं को जापान में रोजगार दिलाने के मकसद से एक अभिनव योजना प्रारंभ की है। वर्ष 2023-24 में योजना में 200 युवाओं को प्रशिक्षण दिलाये जाने का कार्यक्रम तैयार किया गया है।

प्रशिक्षण के बाद इन युवाओं को जापान में रोजगार दिलाया जायेगा। योजना के लिये इस वर्ष विभाग द्वारा 2 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान किया गया है। पिछड़ा वर्ग के चयनित युवाओं को प्रशिक्षण के दौरान जापानी भाषा सिखाने के लिये भोपाल में विशेषज्ञ की मदद ली जा रही है।

नागपंचमी पर मध्यप्रदेश के दुर्गम स्थल पर लगता है मेला

मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में घनी पहाड़ियों के बीच एक ऐसा देवस्थान है, जिसे नागलोक का मार्ग या नागद्वार के नाम से जाना जाता है. यह स्थान पचमढ़ी में घने जंगलों के बीच है. यहाँ तक पहुंचने के लिए 7 पहाड़ों की दुर्गम चढ़ाई और बारिश में भीगे घने जंगलों से होकर जाना होता है. तब जाकर आप नागद्वारी पहुंच सकते हैं. मार्ग में कई कई नागों के दर्शन श्रद्धालुओं को होते है, ये नाग किसी को कोई हानि नहीं पहुँचाते.

श्रद्धालु नाग देवता के दर्शन के लिए निकलते हैं.

16 किमी की पैदल पहाड़ी यात्रा पूरी कर लौटने में भक्तों को दो दिन लगते हैं. नागद्वारी मंदिर की यह गुफा करीब 35 फीट लंबी है. मान्यता है कि जो लोग नागद्वार जाते हैं, उनकी मांगी गई मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है. नागद्वारी के अंदर चिंतामणि गुफा है. यह गुफा लगभग 100 फीट लंबी है. इस गुफा में नागदेव की कई मूर्तियां हैं.स्वर्ग द्वार चिंतामणि गुफा से लगभग आधा किमी की दूरी पर एक गुफा में स्थित है. स्वर्ग द्वार में भी नागदेव की ही मूर्तियां हैं.

पहाड़ियों पर सर्पाकार पगडंडियों से नागद्वारी की कठिन यात्रा करके

नागद्वारी में गोविंदगिरी पहाड़ी पर मुख्य गुफा में शिव जी को काजल चढ़ाने से मनोकामनाएं पूरी होती है.ऐसी मान्यता है.

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र होने के कारण आम स्थानों की तरह यहाँ वर्ष भर प्रवेश वर्जित होता है और साल में सिर्फ एक बार ही नागद्वारी की यात्रा और दर्शन का मौका मिलता है.

हर साल नागपंचमी पर एक मेला लगता है. सावन के महीने में नागपंचमी के 10 दिन पहले से ही कई राज्यों के श्रद्धालु, खासतौर से महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के भक्तों का आना प्रारंभ हो जाता है.

नागद्वारी मंदिर की इस धार्मिक यात्रा को सैंकड़ों साल से ज्यादा हो गए हैं. यहां आने वाले श्रद्धालु कई पीढ़ियों से मंदिर में नाग देवता के दर्शन करने के लिए आते है.

भारत में ऐसे अनेक मंदिर हैं हमें इनको खोजकर यहाँ अवश्य आना चाहिए.

बाजार में आई स्वदेशी राखियाँ, देश के लिए है सुखद

***भोपाल में विभिन्न स्थानों पर लगे राखी के सैकड़ों स्टाल**

***देशभक्ति, देवी देवता और विभिन्न धार्मिक प्रतीकों वाली राखियों का ट्रेंड**

*** इस बार बाजार से पूर्णतः गायब हुई चायनीज राखियाँ**

भोपाल। रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में तैयारियां तेज हो गयी हैं. अलग-अलग प्रकार की राखियाँ विक्रय के लिए बाजारों में आ चुकी हैं. इस वर्ष बाजारों में चायनीज राखियाँ खत्म ही नजर आ रही हैं. बाजारों में स्वदेशी राखियों की भरमार है. देशभक्ति एवं देवी-देवताओं को समर्पित राखियाँ भी बाजार में काफी हैं.

बीते वर्षों में स्वदेशी के प्रति लोगों का झुकाव देखने को आया है. रक्षाबंधन ही नहीं अन्य त्योहारों के लिए भी लोग स्वदेशी वस्तुएं अपनाने लगे हैं. लोग अपने स्व से जुड़ने लगे हैं इसलिए बाजारों में यह सब परिवर्तन आया है त्योहारों पर स्वदेशी की ओर बढ़ना देश के लिए सही संकेत हैं. क्योंकि भारत में त्योहारों की भरमार है अगर हम सभी मिलकर स्वदेशी की ओर पहल करेंगे तो निःसंदेह लाभ देश के लिए ही होगा.

भाजपा की घोषणाएँ और वायदों से ग्रामीणों में बडी नाराजगी - कांग्रेस

सिवनी यशोः- जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा सिवनी विधान सभा के प्रत्येक बूथ स्तर पर ग्राम में पहुंचकर मंडलम, सेक्टर, बी.एल.ए. तक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली जा रही है हर गांव में लोग भाजपा सरकार और सिवनी विधायक की वादाखिलाफी से नाराज है उनके क्षेत्र में सिर्फ घोषणाएॅ और वादे किए गए है काम कुछ नही हुआ, इसी बात से आक्रोशित होकर प्रत्येक बूथ में लोग बडी संख्या में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रहें है। गांव में तो लोग कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहें है गांव से जिला कांग्रेस कार्यालय आकर भी कांग्रेस पार्टी का दामन थाम रहें है, इस कार्य के लिए ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, ब्लाक संगठन मंत्री, मंडलम अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष सभी के प्रयास सराहनीय है। इसी तारतम्य में आज जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन पंहुचकर पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बखारी सुरेश परत, बखारी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विपतलाल(भूरा) उइके, ब्लाक संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह राजपूत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनलाल गज्जाम, मंडलम अध्यक्ष डा. कन्हैया डेहरिया, भागूलाल उइके, वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदयमान उइके, गोलू डेहरिया, घनश्याम सल्लाम, श्रीमति शिवकली बाई, बखारी ब्लाक महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति मीनाक्षी उइके के प्रयासो से बखारी ब्लाक से बडी संख्या में लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में ग्राम बरसला एवं मटमतरा से धीरन सिंह उइके, धनकुमार परते, रमान उइके, रामपाल धुर्वे, शिवकुमार धुर्वे, मंजूराम धुर्वे, द्रोपलाल उइके, संतोष साहू, ग्राम घोघरी से दिनेश वरकड़े, संतोष उइके, तुलसीराम उइके, उदयमानसा उइके, सतीश धुर्वे, आनंद सैयाम, धर्मेन्द्र वरकडे, रमेश धुर्वे, शिवजी वरकडे, निरज परतेती, रविकुमार उइके, भागलाल उइके, रामनाथ उइके, अतरलाल कवरेती, राधेश्याम धुर्वे, ग्राम दरबई से आशाराम उइके, मंगलू मसराम, लक्ष्मीचंद उइके, राजेश कर्वेती, हरिओम विश्वकर्मा, प्रमोद भलावी, रामनिरंजन इनवाती, बालक्रेश परते, सद्धूराम उइके, सतीश उइके, संतोष उइके, राकेश इनवाती, गोलू डेहरिया, ग्राम बंदरियाटोला से राजेश इरपाचे, पप्पू विश्कर्मा, रामेश्वर यादव, गोलू विश्वकर्मा, संजयाम इनवाती, चन्द्रलाल इनवाती, अनुपसिंह मर्सकोले, नर्वदा मर्सकोले, दिनेश सरयाम, ज्यौरसिंह सरयाम, मोहर सिंह सरयाम, शेरसिंह परते, सुमीलाल यादव, महेश मर्सकोले, सतेन्द्र इनवाती, दुर्गेश मर्सकोले, ग्राम जामुनपानी से हजारी उइके, आदेश उइके, जियनलाल भलावी, हीलाल भलावी, शैलकुमार इनवाती, श्यामजी इरपाचे, हरिप्रसाद परते, हजरसिंह उइके, महतलाल इरपाचे, ग्राम सालीवाड़ा से मनोज अरेवा, बालक्रेश अरेवा, रवि उइके, हीलाल कुमरे, धनमान कुमरे, सूरजन अरेवा, धरमसी मरकाम, आधार उइके, सुकचरन उइके, ग्राम लकवाह से जगतराम उइके, नारायण उइके, जैनकुमार मर्सकोले, घनश्याम धुर्वे, दशमान उइके, मीतलाल उइके, पवनकुमार उइके, परदेशी धुर्वे, देवेन्द्र उइके, दीपक उइके, विनोद उइके को श्री खुराना ने कांग्रेस पार्टी का गमछा डालकर सभी नवागंतुक कांग्रेस सदस्यों को शुभकामनाएॅ देते हुए कांग्रेस संगठन की मजबूती एवं आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को विजयश्री दिलाने के लिए कार्य करने का आव्हान किया।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजनान्तर्गत राखी पर्व पर बहनों को मिला 250 रूपये का विशेष उपहार

जिलें में भी ग्राम एवं वार्ड वार आयोजित हुए कार्यक्रम शामिल हुए सांसद,विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं के आर्थिक स्वालंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत् सुधार एवं परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ करने हेतु राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 का क्रियान्वयन दिनांक 05 मार्च 2023 से किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक माह की 10 तारीख को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 अंतर्गत पंजीकृत अंतिम रूप से पात्र समस्त महिलाओं के आधार लिंक्ड डीबीटी इनेबल्ड बैंक खातों में आर्थिक सहायता राशि के अंतरण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में भोपाल के जम्बूरी मैदान में लाड़ली बहना सेना के सदस्यों एवं योजना की हितग्राही बहनों के साथ वृहद राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। लाड़ली बहना योजना अंतर्गत भुगतान हेतु पंजीकृत अंतिम रूप से पात्र समस्त महिला हितग्राहियों को माह अगस्त 2023 में राशि रूपये 250/- का भुगतान उनके व्यक्तिगत खाते में मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया।

सिवनी जिले के प्रत्येक ग्राम एवं नगरीय वार्ड में गठित लाड़ली बहना सेना के सदस्यों तथा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 अंतर्गत लाभांवित हितग्राही महिलाओं को उक्त राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। इससे पूर्व प्रत्येक ग्राम/वार्ड में स्थानीय कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें जिले के जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुये। नगर परिषद बरघाट में आयोजित कार्यक्रम में सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन उपस्थित हुए। ग्राम कंडीपार जनपद पंचायत सिवनी में आयोजित लाड़ली बहना वृहद महिला सम्मेलन कार्यक्रम में विधायक सिवनी श्री दिनेश राय, अध्यक्ष जनपद पंचायत सिवनी श्रीमती किरण भलावी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिवनी बाल विकास परियोजना अधिकारी सिवनी कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। इसी प्रकार बींझावाड़ा में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री आलोक दुबे, पूर्व विधायक श्री नरेश दिवाकर जी, श्री सुजीत जैन जी, दीपक जी इत्यादि जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। ग्राम पंचायत उमरपानी जनपद पंचायत धनौरा में विधायक केवलारी श्री राकेश पाल जी लाडली बहना सम्मेलन में सम्मिलित हुये प्रत्येक ग्राम/नगरीय निकाय के वार्ड स्तर के कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, लाडली बहना सेना के सदस्य, जनसेवा मित्र, पेसा मोबिलाईजर, जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समिति, अंत्योदय समिति, महिला स्वसहायता समूह स्वच्छता दूत, किसान मित्र, सहयोगिनी मातृ समिति, शौर्यादल के सदस्य एवं स्वयंसेवी संगठन भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में लाड़ली बहनाओं द्वारा अपने अनुभव प्रतिभागियों के मध्य साझा किये गये।

प्रकृति किसी से भेद नहीं करती तो हम आपस में भेद कैसे कर सकते हैं- स्वामी परमात्मानंद

सिवनी यशोः- स्वामी परमात्मानंद महाराज के मार्गदर्शन में संचालित स्नेह यात्रा का विकासखंड सिवनी के ग्राम बंडोल पहुंचनेपर भव्य स्वागत हुआ। जहां स्वामी जी द्वारा जन सभा को सम्बोधित करते हुए बताया कि प्रकृति किसी के साथ भेद या पक्षपात नहीं करती, नदी सभी को जल देती है, पेड़ सभी को फल, फूल, औषधी देते हैं, सूर्य सभी को प्रकाश देता हैं तथा मेघ सभी के लिये जलवृष्टि करते हैं। ठीक उसी प्रकार ईश्वर ने सभी को एक जैसा बनाया है फिर हम उस प्रकृति पूजक, परमपिता परमेश्वर को मानने वाले लोगों के साथ भेद-भाव कैसे कर सकते हैं।

उपरांत स्नेह यात्रा ग्राम बंडोल से ग्राम बांकी, सागर, लामटा होते हुए ग्राम बखारी पहुंची जहां स्वामी परमात्मानंद जी द्वारा उपस्थितजनों को स्?नेह सूत्र बांधते हुए आपसी स्?नेह को बनाए रखनें का संदेश दिया गया एवं बताया कि स्नेह यात्रा शासन की मंशा के अनुरूप साधु-संतों के शास्त्र सम्मत विचारों को लेकर समाज के बीच जाने का महान संकल्प है जो कहता है÷ आत्मवत सर्व भूतेषु÷ जैसी मेरी आत्मा है वैसी ही सभी में है, वही अहसास चाहे मान का हो या सम्मान का सभी में सभी की एक जैसी अनुभूति, प्रसन्नता-अप्रसन्नता का अहसास सभी को एक जैसा होता है। महंत जी ने बताया समरस समाज की शक्ति ही भारत को गौरवशाली बनाएगी। भारती सनातन का चिंतन एकात्मता व स्नेह पर आधारित है जो कहता है कि÷सर्व खल्विदं ब्रह्म÷ सभी मे एक ही ब्रह्म है,रूप रंग गुण धर्म व कार्य अलग-अलग हो सकते हैं किंतु मानव-मानव में भेद नहीं है। समाज के अंदर व्यवस्था की दृष्टि से कार्य विभाजन किया जाता है जैसी कोई व्यक्ति कृषि कार्य करता है, कोई सर्विस करता है, कोई स्वच्छता का कार्य करता है, कोई अध्ययन-अध्यापन का कार्य करता है, कोई व्यवसाय, सेवा, स्वच्छता इत्यादि का कार्य करता है लेकिन सभी मानव हैं और एक ही ईश्वर के द्वारा बनाये हुए हैं किसी को छोटा या बढ़ा मानकर असमान या सम्मान करना अपनी पद्धति या सनातन संस्कृति का विचार नहीं है, भारतीय जीवन पद्धति समरसता मूलक है। जनसंवाद के पश्?चात समरसता भोज का आयोजन किया गया। यात्रा में ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव के अतिरिक्त म.प्र.जन अभियान परिषद के संभाग समन्?वयक श्री रवि वर्मन, जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला, श्रीमति मोनिका चौरसिया विकासखंड समन्वयक, अनिल नागरे, नवांकुर संस्था के सदस्य एवं सीएमसीएलडीपी मेंटर्स उपस्थित रहे।

खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन तथा भण्डारण 1 वाहन जब्त

मंडला यशोः-- 25 अगस्त 2023 को थाना कोतवाली मण्डला अंतर्गत जबलपुर रोड़ ग्राम तिदंनी में एक वाहन ट्रक 709 क्रमांक एमपी 20 जीए 3829 को खनिज रेत के परिवहन के दौरान नियमानुसार अभिवहन पारपत्र (ईटीपी) प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण अवैध परिवहन माना जाकर खनिज विभाग द्वारा जब्त किया गया। वाहन चालक द्वारा उक्त रेत को ग्राम दिवारा से लेकर आ रहा था। उक्त वाहन को जब्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना कोतवाली मण्डला की सुपुर्दगी में दिया गया। वाहन के विरूद्ध म0प्र0 खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत् प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूने

सिवनी यशोः- रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर मिठाइयों तथा मावे की खपत बढ़ने के कारण खाद्य सुरक्षा प्रशासन टीम के द्वारा सतत निगरानी एवं सघन निरीक्षण कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में कृष्णा लॉन से छेने के रसगुल्ला एवं पनीर का नमूना एवं छूई स्थित राजकुमार ठाकुर से कुंदा, मोहगांव स्थित घनश्याम ठाकुर से मावा, कोमल मावा भण्डार से मावा का नमूना गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया। इसी तरह बिना पंजीयन व्यापार करने के करना खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की धारा 58,56 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत ऑटो रिक्शा विथ आइस बॉक्स प्रदाय किया गया

सिवनी यशोः- जिला स्तरीय स्व रोजगार दिवस के अवसर पर आयोजित शिविर में शासन की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत श्रीमती किरण भलावी जनपद अध्यक्ष सिवनी के द्वारा श्री किशनलाल कहार पिता श्री लालचंद ग्राम देवघाट, विकासखण्ड - केवलारी को मछली परिवहन के लिये ऑटो रिक्शा विथ आइस बॉक्स की चाबी सौपकर रवाना किया गया। शिविर में विभाग के द्वारा श्री नारायण, श्री सुनील एवं श्री पालसिंह सदस्य मछुआ सहकारी समिति इंदावाड़ी को राशि रू 10-10 हजार के मछुआ क्रेडिट कार्ड स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। श्री के0एल0 मरावी उप संचालक मत्स्योद्योग द्वारा बताया गया कि मत्स्य व्यवसाय से रोजगार प्राप्त करने के लिये प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत शासन द्वारा अ.ज.जा., अ0जा0 एवं सभी वर्ग की महिलाओं के लिये इकाई लागत का 60 प्रतिशत एवं सामान्य पिछड़ा वर्ग पुरूष के लिये 40 प्रतिशत अनुदान दिये जाने का प्रावधान है। योजना का लाभ लेने के लिये माह सितम्बर से आवेदन लिया जाना प्रस्तावित है। योजना की विस्तृत जानकारी के लिये इच्छुक व्यक्ति कार्यालयीन समय में कार्यालय उप संचालक मत्स्योद्योग सिवनी से संपर्क कर सकते है

विधायक प्रवास अभियान में मन की बात के 104 वें संस्करण का हुआ प्रसारण लक्ष्य निर्धारित सुनिश्चित सफलता प्राप्त की जा सकती है-डा. ढालसिंह बिसेन

बरघाट यशोः- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशानुसार 20 से 27 अगस्त तक विधायक प्रवास अभियान अंतर्गत भाजपा, जिला कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार विधानसभा बरघाट में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी की ''मन की बात'' के 104 वें संस्करण के प्रसारण का आयोजन ''मन की बात'' विधानसभा प्रभारी, नरेश सिंह राजपूत, जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ द्वारा स्थानीय गुरूकुल पब्लिक हॉयर सेंकेडरी स्कूल में 27 अगस्त, दिन रविवार को 11.00 से किया गया।

मन की बात प्रसारण अवसर पर सिवनी-बालाघाट संसदीय क्षेत्र सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक बिसेन, सांसद प्रतिनिधि अनिल पाठक, विधायक प्रवास मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सिंह ठाकुर, मंडल महामंत्री राम पटले, सांसद प्रतिनिधि सत्यांश भट्ट, समाजसेवी राकेश तेकाम, एच.आर. ग्रुप से ममता भालेकर, गुरूकुल विद्यालय से जयंत पटले, नीलांश सिंह राजपूत, राकेश हरदे सहित बड़ी संख्या में दीनदयाल उपाध्याय कौशल योजना की प्रशिक्षार्थी युवतियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रवास प्रभारी नरेश सिंह राजपूत एवं राजेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा सांसद महोदय के स्वागत के साथ हुआ। प्रसारित संस्करण में मोदी जी द्वारा चंद्रयान-3 की सफलता, खेल, कला, डेयरी, बॉयोगैस, पेंटिंग, रोजगार, स्वरोजगार सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित सभी के द्वारा बड़े ही ध्यान से देखा व सुना गया।

GURUKUL PUBLIC HIGHER SECONDARY SCHOOL
CLASS NURSERY TO 12TH, ENGLISH MEDIUM, BASED ON CBSE CURRICULUM
HIGHER SECONDARY STREAMS
DISE CODE - 23440210506

प्रसारण के उपरांत प्रबंध निदेशक नरेश सिंह राजपूत ने बताया के कौशल आधारित 3 माह के प्रशिक्षण में ये प्रशिक्षार्थी रीटेल ट्रेनी एसोसिएट में प्रशिक्षण प्राप्त कर सुनिश्चित रोजगार प्राप्त करेंगे। 2014 से आईसेक्ट- बरघाट दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को प्रशिक्षण उपरांत रोजगार से जोड़ा गया है। वर्तमान में ये प्रशिक्षार्थी देश के विभिन्न हिस्सों में रोजगार करते हुए अपनी परिवार को सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

सांसद बिसेन ने उपस्थित समुदाय को मार्गदर्शित करते हुए कहा-वर्तमान की केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। कौशल आधारित प्रशिक्षणों के माध्यम से युवाओं को लगातार रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। आप सभी अपना लक्ष्य निर्धारित कर प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत निश्चित ही आत्मनिर्भर बनेंगे। ग्रामीण अंचल में कौशल को विकसित करने अपार संभावना है। आप सभी ग्राम आधारित उत्पादों के माध्यम से अपनी नई पहचान बना सकते हैं। अपना लक्ष्य निर्धारित कर यदि आपने कौशल का विकास किया तो आपको सुनिश्चित सफलता मिलेगी। इस अवसर पर प्रशिक्षार्थियों ने सांसद महोदय से कई सवाल भी किये, जिनके जवाब उन्होंने उदाहरण सहित दिये। मन की बात कार्यक्रम सफलतम आयोजन, प्रशिक्षण के सुनिश्ति सफलता हेतु सांसद महोदय ने नरेश सिंह राजपूत सहित पूरी टीम को शुभकामनाऐं प्रेषित की एवं सफल प्रशिक्षार्थियों की सफलता की कहानी प्रदाय करने को कहा ताकि उसे सम्मान दिया जा सके।

कांशीराम साहब के सच्चे सिपाही श्याम धुर्वे नहीं रहे

सिवनी यशोः- दलित, आदिवासी और पिछड़ा वर्ग को अन्याय,अत्याचार से मुक्ति दिलाने के लिए जब मान्यवर कांशीराम साहब ने आंदोलन छेड़ा तो पॉलिटेक्निक कालेज के छात्र ने अपनी पढ़ाई छोड़ उनके साथ संघर्ष में अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। आज वही मान्यवर कांशीराम साहब के सच्चे सिपाही , भाई श्याम धुर्वे हमारे बीच नहीं रहे।

मध्यप्रदेश के विख्यात आदिवासी नेता भाई श्याम धुर्वे के निधन से बहुजन समाज को जो क्षति हुई है उसकी पूर्ति असम्भव है। 1984 पहले सिवनी जिले में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा राव फुले माता सावित्री बाई फुले, शाहूजी महाराज आदि महापुरुषों को कोई आदिवासी नहीं जानता था। 1984 में लोकसभा चुनाव हुए। इस चुनाव में एक नई राजनीतिक पार्टी, बहुजन समाज पार्टी का उदय हुआ। सिवनी लोकसभा क्षेत्र से आदिवासी नेता ठाकुर तुलसीदास धुर्वे ने बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के रुप में चुनाव लड़ा। उनके चुनाव प्रचार के दौरान एक आदिवासी छात्र श्याम धुर्वे ने जब ' जय भीम ' का उद्घोष किया तो सिवनी जिले की फिजाओं में बाबा साहब अम्बेडकर के संघर्ष की दास्तान सुनाई देने लगी। बाद में भाई श्याम धुर्वे अपनी अच्छी खासी पॉलिटेक्निक कालेज की पढ़ाई छोड़कर मान्यवर कांशीराम साहब के सिपाही बन गए। उनके अंदर दबे कुचले वर्ग के लिए असीम वेदना थी। यदि वे पॉलिटेक्निक कालेज की पढ़ाई नहीं छोड़ते तो वे एक बड़े अधिकारी बनते। किन्तु उन्होंने अपना और अपने परिवार का जीवन कांटो भरी राह में झोंक दिया।

बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष मान्यवर कांशीराम साहब के संघर्ष को तेज करने वे पूरे भारत में दिनरात दौड़ते रहे। दिल्ली, बम्बई, भोपाल , रायपुर, कानपुर , लखनऊ, इलाहाबाद, रीवा, सतना, नागपुर ,अमरावती, जबलपुर आदि आदि स्थानों पर भाई श्याम धुर्वे मान्यवर कांशीराम साहब के आंदोलन के सिपाही रहे। सन 1988 में जब मान्यवर कांशीराम साहब ने इलाहाबाद से चुनाव लड़ा तो श्याम भाई मई माह की कड़कड़ाती गर्मी में चुनाव प्रचार के लिए बिना कोई संसाधन के चले गए। जब पहली बार उन्होंने सिवनी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा तो उनको 22 हजार वोट मिले थे। उसके बाद जिले के लोकसभा क्षेत्र या विधानसभा चुनावों में उनके बराबर किसी बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार ने वोट प्राप्त नहीं किया। बरघाट क्षेत्र के ग्राम पिंडरई के निवासी भाई श्याम धुर्वे एक गरीब आदिवासी परिवार से थे। जीवन भर उनका परिवार दाल रोटी के लिए संघर्ष करता रहा। वे दिनरात भूखे प्यासे दबेकुचले वर्ग के लिए संघर्ष करते रहे। उनके माध्यम से ही आदिवासियों के बीच जय भीम का नारा बुलंद हुआ। अम्बेडकर वाद से यह समाज परिचित हुआ। संविधान क्या है? उन्होंने बहुजन समाज को बताया। संवैधानिक दायरे में रहते हुए भी जो संघर्ष उन्होंने किया है। उनको अनेक वर्षो तक मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में याद किया जाएगा। उनके निधन पर संत रविदास समाज संघ जिला सिवनी ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

शिवराज की घोषणा के 24 घंटे बाद पांढुर्णा बना 54वां जिला, सरकार ने जारी किया नोटिफिकेशन

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के एलान के 24 घंटे बादही राज्य सरकार ने पांढुर्णा को नया जिला बनाने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। पांढुर्णा को छिंदवाड़ा से काटकर अलग किया गया है। यह प्रदेश का 54वां जिला होगा। इसका मुख्यालय पांढुर्णा में रहेगा। इसके लिए एक महीने में दावे और आपत्तियां आमंत्रित किए गए हैं।

राज्य शासन की तरफ से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार पांढुर्णा जिले में पांढुर्णा और सौंसर तहसील के कुल 137 पटवारी हलके शामिल किए गए हैं। इनमें पांढुर्णा के 74 और सौंसर तहसील के 63 पटवारी हलके शामिल हें। पांढुर्णा जिले में दो विधानसभा क्षेत्र सौंसर ओर पांढुर्णा होंगे। यह परिवर्तन सुविधाजनक प्रशासन की दृष्टि से किया गया है। नोटिफिकेशन पर दावे और आपत्तियां देने के लिए 30 दिन तक का समय दिया गया है।

गुरुवार को की थी घोषणा

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को छिंदवाड़ा के सौंसर में जामसांवली हनुमान मंदिर में श्री हनुमान लोक का भूमिपूजन किया। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते पांढुर्णा को नया जिला बनाने का एलान किया था। कैबिनेट की स्वीकृति से पहले ही राज्य सरकार ने प्रकाशन का प्रस्ताव जारी कर दिया है। इससे पहले उज्जैन से नागदा को अलग कर जिला बनाने की घोषणा की गई है। हाल ही में मुख्यमंत्री ने शिवपुरी से पिछोर को भी अलग कर जिला बनाने की घोषणा की है। इससे पहले रीवा से मऊगंज को अलग कर जिला बनाया गया है। यहां कलेक्टर और एसपी की तैनाती भी हो गई है। नए जिले में 15 अगस्त को ध्वजारोहण भी किया गया था, जो विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने किया था। पांढुर्णा को छिंदवाड़ा से काटकर अलग किया गया है। यह प्रदेश का 54वां जिला होगा। इसका मुख्यालय पांढुर्णा में रहेगा।

रेत का अवैध परिवहन करते 3 वाहन जब्त

मंडला यशोः-महाराजपुर थाना अंतर्गत पिंडरई रोड़ पर एक वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 एए 6062 खनिज रेत तथा एक ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 एए 7561 थाना कोतवाली अंतर्गत एवं एक ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 एए 7701 थाना बिछिया अन्तर्गत खनिज रेत के अवैध परिवहन की गतिविधि में संलिप्त पाए जाने के कारण खनिज विभाग द्वारा जब्त किया गया। उक्त संलिप्त वाहनों को जब्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थानों की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहनों के विरूध म0प्र0 खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत् प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

मु यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लें बेरोजगार युवक-युवती

सिवनी यशोः- महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि "मु यमंत्री उद्यम क्रांति योजना" का लाभ लेकर जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक/ युवती स्वयं का व्यवसाय एवं स्वरोजगार जैसे- होटल / रेस्टॉरेन्ट, ईट भट्टा निर्माण, पोहा-मुरमुरा निर्माण, कन्फे सनरी (चॉकलेट केन्डी आदि) किराना स्टोर्स, मेडिकल स्टोर्स, जनरल स्टोर्स, हाईवेयर, ऑटो पॉर्ट्स, जूता चप्पल व्यवसाय, बर्तन व्यवसाय, कृषि सेवा केन्द्र, स्टेशनरी व्यवसाय, इले ट्रॉनि स उपकरण, सेंटरिंग कार्य, चाय की दुकान, कॉकरी आदि विभिन्न प्रकार के व्यवसाय तथा वाणिज्यिक उद्देश्य हेतु वाहन के अंतर्गत ऑटो रि शा, टै सी, मालवाहक, जेसीबी आदि वाहन क्रय कर सकते है। 18-45 वर्ष आयु का 8वीं उत्तीर्ण कोई भी आवेदक जिसकी कुल पारिवारिक वार्षिक आय 12 लाख रूपए से अधिक न हो और किसी वित्तीय संस्था का डिफाल्टर नहीं हो, वह उक्त योजना का लाभ ले सकता हैं। योजना के तहत उन्हें म.प्र. शासन द्वारा गांरटी फीस (प्रचलित दर) एवं 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज में अनुदान अधिकतम 07 वर्ष के लिये प्रदान किया जाएगी।

30 अगस्त को "श्रावणी" बैनगंगा के पावन तट पर प्रातः 10 बजे

***यज्ञोपवीत पूजन एवं सप्त ऋषि पूजन पूजन होगा**

***अनेक विद्वत्जन एवं ब्राह्मणजन इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे**

*** सभी ब्राह्मणों को श्रावणी पर्व में उपस्थित होने किया गया आह्वान**

सिवनी यशोः- श्रावण शु ल पूर्णिमा दिनांक 30 अगस्त 2023 को ब्राह्मणों का मु य पर्व श्रावणी बैनगंगा के पावन तट लखनवाड़ा में प्रातः 10 बजे वैदिक विधि विधान से मनाया जावेगा। विगत सन् 1980 से यह श्रावणी का पर्व परमपूज्य धर्मसम्राट जगद्गुरु शंकराचार्य जी के परमशिष्य, मातृधाम के प्रभारी रहे पं. गौरीशंकर जी तिवारी के द्वारा प्रारंभ श्रावणी के पर्व को मनाने की अनवरत क्रम बैनगंगा के पावन तट लखनवाडा घाट में सतत जारी है। नित्य श्रावण शु ल पूर्णिमा में अनेक ब्राह्मणों के साथ यह है श्रावणी पर्व बड़े श्रद्धा और विश्वास आज भी मनाया जाते रहा है पंडित गौरीशंकर तिवारी ने श्रावणी पर्व महत्त्व द्विजों को बताया और यज्ञोपवीत निर्माण करने का विधान ब्राह्मणों और उसके अंदर उपस्थित सभी देवताओं का और यज्ञोपवीत का महत्त्व को भी बताया। आज हम श्रावण शु ल पूर्णिमा में यह पर्व उनके बताए रास्ते में वैदिक विधि विधान से ब्राह्मणों और विद्वानों के साथ मना कर उनका पावन स्मरण करते हैं। उक्त जानकारी देते हुए धर्मवीर अजित तिवारी ने बताया कि श्रावण शु ल पूर्णिमा उपाकर्म का प्रसिद्ध काल माना गया है। उपाकर्म ग्रहण या संक्रांति के दिन नहीं होता। श्रावणी विशेषकर ब्राह्मणों अथवा पंडितों का पर्व है। वेदपरायण के शुभारंभ को उपाकर्म कहते हैं। जिस दिन यज्ञोपवीत के पूजन का भी विधान है। ऋषिपूजन व पुराना यज्ञोपवीत को उतारकर नया यज्ञोपवीत धारण करना इस दिन की श्रेष्ठता है । प्राचीन समय से यह कर्म गुरु अपने शिष्यों के साथ किया करते थे वह उत्सव द्विजों के वेदाध्यन का और आश्रमों के उस पवित्र जीवन का स्मारक है7 अतः इसकी रक्षा ही नहीं किंतु इसका यथार्थ रूप में मानना हमारा परम धर्म होना चाहिये7 सर्वप्रथम श्रावण पूर्णिमा को घर में स्नान करके संध्यावंदन करके नित्यकर्म आदि करके श्रावणी कर्म के इच्छुक ब्राह्मणों के साथ गंगा या किसी अन्य तीर्थ में जायें7 पंचगव्य प्राशन, पवित्री धारण करके तीर्थ प्रार्थना कर हिमाद्रि संकल्प कर तीर्थ आज्ञा एवं प्रार्थना के साथ मृत्तिका,गोमय, धान्य, द्रव्य, भस्म आदि दस उपचारों से स्नान के पश्चात् अपामार्ग,दूर्वा से मार्जन करेंएवं तर्पण इत्यादि करके शुद्ध होकर गौरी

गणेश,नवग्रह सहित सप्तर्षियों का पूजन करें। सप्त ऋषि पूजन करके यज्ञोपवीत पूजन, सूत्रत्रिगुणीकरण यज्ञोपवीत स्थित देवताओं का आह्वान करना और पुराना यज्ञोपवीत बदल कर नया यज्ञोपवीत धारण करते हुए ऋषि वंशावली का ध्यान करना यह श्रावणी का मु य कर्म है। सभी ब्राह्मणों से आग्रह किया है कि वह अपने मु य पर्व श्रावणी मनाने दिनांक 30 अगस्त 2023 को प्रातः 10 बजे बैनगंगा तट में लखनवाड़ा में उपस्थित हो और अधिक से अधिक ब्राह्मणों को इस पर्व की महत्ता बताते हुए श्रावणी कर्म करने को प्रेरित करें। श्रावणी के महापर्व पर ब्राह्मणों से श्रावणी महापर्व मनाने आह्वान किया गया है।

एन एस यू आई ;आईटी सेल विधानसभा अध्यक्ष घोषित

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं भावी मु यमंत्री कमलनाथ, एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन, मध्य प्रदेश प्रभारी नीतीश गौर, प्रदेश अध्यक्ष एनएसयूआई आशुतोष चौकसे, प्रदेश अध्यक्ष ;आई टी सेल, अंकुर बटरी, जिला काँग्रेस कमेटी सिवनी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना, जिला काँग्रेस प्रभारी चौधरी ग भीर सिंह, पूर्व प्रदेश सेवादल प्रमुख ठाकुर रजनीश सिंह ,बरघाट विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया, लखनादौन विधायक योगेंद्र सिंह बाबा, पूर्व प्रत्याशी मोहन सिंह चंदेल , एनएसयूआई जिला अध्यक्ष इंजी धनंजय सिंह की अनुशंसा एवँ सहमति से भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ;आईटी सेल जिला सिवनी के अध्यक्ष आतिफ हुसैन द्वारा जिला एनएसयुआई आईटी सेल में विधानसभा अध्यक्षो की घोषणा की गई है जिसमें सिवनी विधानसभा अध्यक्ष आकाश अहिरवार भैरोगंज सिवनी, केवलारी विधानसभा अध्यक्ष चंदन साहू, अटामा छापारा, बरघाट विधानसभा अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश गौतम दुल्हापुर गंगेरूओं को आईटीसेल विधानसभा अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारी साथियों को शुभकामनाएँ प्रेषित कर अपेक्षा व्यक्त की है कि आप अपने अपने विधानसभा में आईटी एवं सोशल मीडिया के माध्यम से अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, श्रीमति सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मध्यप्रदेश के भावी मु यमंत्री कमलनाथ के हाथ मजबूत करने में अपने दायित्वों का निर्वाहन कर कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे।

कलादीर्घा में उपलब्ध हैं गौंड़ी पेंटिंग वाली राखियाँ

मंडला यशोः-राखी के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा हुए गोंड कलाकृतियों से मनमोहक राखियों का निर्माण किया गया है। नवाचार के रूप में इन राखियों में आकर्षक गोंडी पेंटिंग भी की गई है। इन राखियों के साथ आकर्षक ÷राखी है पर÷ भी कलादीर्घा में आमजन के लिए उपलब्ध है जिसमें गोंड पेंटिंग वाली दो राखी, गोंड पेंटिंग वाला एक रूमाल, कुमकुम चावल, कोदो-कुटकी कुकीज एक पैकेट, अमला कैंडी एक पैकेट, बेल कैंडी एक पैकेटएवं एक अमला लड्डू है। गोंड़ी पेंटिंगयुक्त राखियाँ पृथक से भी कलादीर्घा में विक्रय हेतु रखी गई हैं। जानकारी के अनुसार गोंडी पेंटिंगयुक्त राखियों का निर्माण शांति स्वसहायता समूह तिलई, रानी दुर्गावती स्वसहायता समूह कामता, प्रकाश स्वसहायता समूह तिलई एवं सागर स्वसहायता समूह बहेरी की महिलाओं ने किया है। राखियों के निर्माण में ऊन, मोती, गोटा पट्टी, रेशम धागा के अलावा केनवास आदि सामग्रियों का उपयोग किया गया है।

मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन 2023 मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग (एमसीएमसी) हेतु जिला मण्डला के कार्यालय कक्ष में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से दायित्वों के निर्वहन करने के लिए आदेश जारी कर दिए हैं।

जारी आदेश के तहत सहा. विकासखण्ड प्रबंधक ललित दीक्षित, प्रयोग शाला तकनीकशियन रामगोपाल पटैल, सहायक ग्रेड-3 सु खू लाल वरकडे, क प्यूटर ऑपरेटर भूपेश दुबे तथा भृत्य प्यारे लाल रजक को सोमवार को प्रातः 8 बजे से शाम 4 तक, मंगलवार को शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक, बुधवार को रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक, शुक्रवार को प्रातः 8 बजे से 4 बजे तक, शनिवार को शाम 4 बजे रात्रि 12 बजे तक तथा रविवार को रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक के लिए ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार सौरभ उपाध्याय सहा.प्रबंधक, अशोक गायकवाड़ मानचित्रकार, सहा.प्रबंधक नजमूल हक., क.ऑ. सुशील धुर्वे तथा माली पीतमलाल को सोमवार सायं 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक, मंगलवार रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक, गुरूवार प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक, शुक्रवार सायं 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक एवं शनिवार रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक के लिए ड्यूटी निर्धारित की गई है। सहा.प्रबं. नीरज द्विवेदी, सहा.ग्रेड रविराज मरावी, वाईपी शुभम रावत, सहा.ग्रेड-3 नयन परते, भृत्य रविन्द्र कुमार गोटिया को सोमवार रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक, बुधवार प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक, गुरूवार सायं 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक, शुक्रवार रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक तथा रविवार प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक के लिए ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार प्रबंधक कृषि राजकुमार जाटव, आंकड़ा विशेषक नारायण चौधरी, सहा.ग्रेड-3 भंगीलाल यादव, क प्यू.ऑप. कुलदीप शिवहरे तथा भृत्य बुद्धूसिंह धुर्वे को मंगलवार प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक, बुधवार सायं 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक, गुरूवार रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक, शनिवार प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक तथा रविवार सायं 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक ड्यूटी निर्धारित की गई है।

लेखापाल संदीप मोदी, सहा.ग्रेड-3 जिला पंचायत देवराज सिंह ठाकुर सहयोग प्रदान करेंगे। सहायक संचालक जनसंपर्क विभाग अनादि वर्मा प्रतिदिन संयुक्त कले टर अरविंद सिंह को रिपोर्टिंग करेंगे।

4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

मंडला यशोः- प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक लमूसिंह ग्राम भानपुर बिसौरा निवासी की पानी में डूबने से मृत्यु होने के कारण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास द्वारा मृतक के निकटतम वारसान को कुल 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। मृतक के निकटतम वारसान आवेदक रतिराम को कुल 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। यह राशि संबंधित के बैंक खाते में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

बस स्टैंड में छाया रहता है अंधेरा , स्ट्रीट लाइट की नहीं है व्यवस्था

मंडला यशोः- मंडला जिले के नारायणगंज नगर में बस स्टैंड में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने कारण अंधेरा छाया रहता है जिसके कारण नगरवासियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है परंतु ग्राम पंचायत पड़रिया प्रशासन को नगर की व्यवस्था की सुध नहीं है।

अंधेरे के कारण असमाजिक तत्वों का रहता है डेरा, यात्रियों को होती है परेशानी

बस स्टैंड में स्ट्रीट लाइट ना होने के कारण रात के समय अंधेरा छाया रहता है जिसके कारण शराबी-नशेड़ी यहां अपना डेरा जमाएं रहते हैं,बस में सफर करने वाले यात्रियों को अंधेरे के कारण बहुत अधिक परेशानी होती है।

सरकारी राशि की होली,नगर के मु य बस स्टैंड पर नहीं है व्यवस्था पंचायत प्रशासन सिर्फ कुछ स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगा कर कुछ दिनों पहले वाहवाही लूटने का काम किया था परन्तु जमीनी हकीकत कुछ और बया कर रही है जनपद मु यालय नारायणगंज के बस स्टैंड पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था ना होना यही दर्शाता है कि पंचायत किस स्तर पर शासन की राशि का उपयोग कर रही है।

खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन तथा भण्डारण में 1 वाहन जब्त

मंडला यशोः- 25 अगस्त को थाना कोतवाली मण्डला अंतर्गत जबलपुर रोड़ ग्राम तिदंनी मां एक वाहन ट्रक 709 क्रमांक एमपी 20 जीए 3829 को खनिज रेत के परिवहन के दौरान नियमानुसार अभिवहन पारपत्र (ईटीपी) प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण अवैध परिवहन माना जाकर खनिज विभाग द्वारा जब्त किया गया। वाहन चालक द्वारा उक्त रेत को ग्राम दिवारा से लेकर आ रहा था। उक्त वाहन को जब्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना कोतवाली मण्डला की सुपुर्दगी में दिया गया। वाहन के विरूद्ध म0प्र0 खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत् प्रकरण दर्ज कर कले टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

अबैध रेत के कारोबार पर अंकुश लगाने को लेकर महिला मोर्चा ने कले टर को सौपा ज्ञापन

मंडला यशोः- आदिवासी बाहुल्य जिले में रेत के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाये जाने को लेकर महिला कांग्रेस डिंडौरी जिलाध्यक्ष संतोषी रामजी साहू ने कले ट्रेट पहुँचकर कले टर को सौंपा शिकायत पत्र महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोषी रामजी ने बताया कि जिले में रेत का अवैध कारोबार जमकर फलफूल रहा है, आये दिन समाचार पत्रों और न्यूज चैनलों में खबरें आ रही यह सबित करने के लिए काफी है कि जिला प्रशासन रेत माफियाओं व खनन माफियाओं पर कार्यवाही करने में अब तक नाकाम रही है, हमने कले टर महोदय को शीघ्र ही उक्त रेत भंडारण का प्रमाणिक करण कराते हुए भौतिक सत्यापन कराये जाने की मांग की है अन्यथा उग्र अंदोलन किया जायेगा जिसकी संपूर्ण जबाबदारी शासन और प्रशासन की होगी। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जिले में रेत का अवैध कारोबार जमकर फलफूल रहा है, आये दिन समाचार पत्रों और न्यूज चैनलों में आ रही खबरें यह सबित करने के लिए काफी है कि जिला प्रशासन रेत माफियाओं व खनन माफियाओं पर कार्यवाही करने में अब तलक नाकाम रहा है, महोदय आदिवासी आंचल अटूट खनिज स पदा से भरा पड़ा है जिससे कि भरपूर राजस्व प्राप्त किया जा सकता है, और जानकारी प्राप्त हो रही है कि ठेके की अवधि समाप्ति के पश्चात रेत खनन को भी 15 अ टूबर तक के लिये प्रतिबंधित किया गया है इसके बावजूद जिले में जहांतहां रेत कि आसान पहुंच देखने व सुनने को मिल रही है और समाचार पत्र के मध्यम से प्राप्त हुआ कि आंधयार खोह रेत भंडारण से रेत का उठाव हुआ ही नहीं ऐसे में सवाल उठता है कि जब रेत भंडारण से उठी ही नहीं तो जिले के कोने कोने में कहाँ से पहुंच रही है? इसके अलावा रेत कारोबारी की चेक पोस्ट आज भी यथावत है जहाँ स्थानीय रेत के अवैध कारोबारियों से बतौर रायल्टी राशि उगाही करने के मामले सामने आ रहे हैं जो कि अपराध की श्रेणी में आता है। महोदय जी शीघ्र ही उक्त रेत भंडारण का प्रमाणिक करण कराते हुए भौतिक सत्यापन कराया जाये, अन्यथा की स्थिति में हमें अग्र अंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस अवसर पर महिला कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थिति रहीं।

पेसा ऐ ट की मंशा समझ प्रभावी क्रियान्वयन करें - डॉ. माण्डवे

जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

मंडला यशोः- पेसा अधिनियम के संबंध में गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सदस्य जनजाति मंत्रणा परिषद सदस्य पेसा ऐ ट एवं एफआरए समिति डॉ. रूपनारायण माण्डवे तथा पूर्व राज्यसभा सांसद एवं सदस्य पेसा ऐ ट संपतिया उईके द्वारा जिले में पेसा ऐ ट के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई। इस अवसर पर अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसीईओ जिला पंचायत क्षमा सराफ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. रूपनारायण मांडवे ने कहा कि जनजातीय वर्ग को उनके बुनियादी हक दिलवाने के लिए पेसा ऐ ट लागू किया गया है। अधिनियम के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन, विकास की स्थानीय योजनाओं पर नियंत्रण, सामाजिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्यगत संस्थाओं के निरीक्षण जैसे अन्य अधिकार देकर ग्रामसभा को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन कर आमजन को भी अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराएं। अधिनियम के तहत गठित विभिन्न समितियों को उनके अधिकार और कर्तव्यों से अवगत कराते हुए उन्हें प्रभावी बनाएं। सभी अधिकारी, कर्मचारी पेसा ऐ ट का अध्ययन करें, ऐ ट की मंशा समझें तथा उसके प्रावधानों का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। इस संबंध में उन्होंने विभिन्न विभागों में बेहतर समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश दिए। डॉ. मांडवे ने कहा कि पेसा ऐ ट के तहत जो भी कार्यवाहियां की जा रही हैं उनका दस्तावेजीकरण अनिवार्य रूप से करें।

बैठक में पूर्व राज्यसभा सांसद तथा पेसा ऐ ट समिति सदस्य संपतिया उईके ने कहा कि पेसा नियम से सामाजिक समरसता के साथ जनजातीय समुदाय को जल, जंगल, जमीन पर अधिकार दिलाने का प्रयास है। साथ ही महिलाओं को सशक्त बनाने, मजदूरों के हकों की सुरक्षा और संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण अधिकार जनजातीय वर्ग को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐ ट के क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तर के अधिकारी विकासखंड स्तर पर भी समीक्षा करें तथा आवश्यकतानुसार सहयोग प्रदान करें। ग्राम के निर्णयों में ग्रामीणों की सहभागिता आवश्यक है। बैठक में आबकारी, खनिज, जनजातीय, वन, राजस्व सहित अन्य विभागों के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैगा समुदाय के मध्य किया गया ईव्हीएम का प्रदर्शन

मंडला यशोः- स्वीप गतिविधि अंर्तगत कान्हा नेशनल पार्क के ग्राम खटिया में बैगा समुदाय के मतदाताओं को एकत्र कर ईव्हीएम मशीन का प्रदर्शन किया गया जिसमें मतदाताओं ने बेझिझक मॉकपॉल कर मशीन से मतदान करने का तरीका सीखा। मॉकपॉल के दौरान उपस्थित मतदाताओं को व्हीव्हीपेट की पर्ची दिखाते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। बैगा मतदाताओं के टोले में इस तरह का यह पहला आयोजन है। ईव्हीएम प्रदर्शन के साथ-साथ उपस्थित जनजातीय समुदाय के मतदाताओं को स्थानीय बोली में निष्पक्ष मतदान के लिए शपथ दिलाकर प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मधुअली सहायक स्वीप नोडल, मास्टर ट्रेनर प्रवीण वर्मा, से टर ऑफिसर मुकेश कुलस्ते, राजस्व निरीक्षक एसएल भलावी, फॉरेस्ट गार्ड एसआर मरावी और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सौरभ उइके और योगेश भघाले उपस्थित थे।

दिव्यांग व्यक्ति ने सीखा मशीन से मतदान करना

इसी क्रम में एक अन्य आयोजन में ग्राम पंचायत मोहगांव रैयत में ईवीएम से वोटिंग करने के लिए दिव्यांग व्यक्ति लखन सिंह मार्को ने ईवीएम से वोट देना सीखा, सभी को बटन के स मुख दिखाए गए चिन्ह और बीवीपेट में वोट की पर्ची भी दिखलाई गई ताकि मतदाता आश्वास हो सके कि उन्होंने जिसे मत दिया है उसी को मत गया है।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-
मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297